संक्षिप्त

शौचालय की स्वच्छता की जानकारी दी

निवाई । पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राहोली में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अन्तर्गत हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान विषय पर कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. योगेन्द्रसिंह नरूका ने बताया कि अभियान के अन्तर्गत बच्चों को शौचालय की उपयोगिता व स्वच्छता के बारे में बताया गया। प्रतियोगिता प्रभारी किरण शर्मा ने बताया कि कविता प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया गया।

मोटरसाइकिल चोरी

निवाई । झिलाय रोड पर स्थित पुराने हीरो होंडा शो रूम के बाहर खडी मोटरसाइकिल को अज्ञात चोर चुराकर ले गए। पीड़ित धन्नालाल माली निवासी जमात ने पुलिस थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ बाइक चोरी का मामला दर्ज करवाया है। धन्नालाल पुत्र मूलचंद माली ने पुलिस को को बताया कि उसका पुत्र आशु बुधवार की सुबह पुराने हीरो होंडा शोरूम के बाहर मोटरसाईकिल को खड़ा कर काम पर चला गया था। दोपहर करीब 12:30 बजे जाकर देखा तो मोटरसाइकिल गायब थी। आस-पास तलाश की लेकिन मोटरसाइकिल का कहीं भी पता नहीं चला। पुलिस ने मामला दर्ज करके चोरो की तलाश कर रही है। पेंशनर समाज की हुई बैठक

आठ को जयपुर अधिवेशन में लेंगे भाग

किशनगढ़ बास। राजस्थान पेंशनर समाज उप शाखा किशनगढ बास की बैठक अध्यक्ष सुल्तान सिंह यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। अध्यक्ष सुल्तान सिंह यादव ने बताया कि बैठक में राजस्थान पेंशनर समाज के 8 दिसंबर को जयपुर में होने वाले अधिवेशन में जाने के लिए चर्चा की गई। बैठक में जयपुर अधिवेशन में जाने के लिए बस की व्यवस्था किए जाने का निर्णय लिया गया। अधिवेशन में जाने के लिए 8 दिसंबर सुबह 7:00 बजे किशनगढ़ बास बाईपास से बस जयपुर के लिए रवाना होगी।

साइकिल मिलने पर बालिकाएं खुश

शाहपुरा । शाहपुरा की ग्राम पंचायत पिपलोद नारायण में स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पिपलोद में राज्य सरकार द्वारा कक्षा 9 वीं की बालिकाओं को साईकिल वितरित की गई। साईकिल मिलने से बालिकाओं के चेहरे खिले उठे। साईकिल मिलने से बालिकाओं की राह अब सुगम हो जाएगी। इस मौके पर स्कूल प्रधानाचार्य रामेश्वर प्रसाद जाट, सरपंच राजेंद्र बुनकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहनलाल सराधना, भाजपा नेता सुभाष पौषवाल, मालीराम सराधना, जयराम सराधना, जगदीश सराधना, गोपाल रावत, शिंभुदयाल सराधना, सूरज सराधना, स्कूल स्टाफ के धूडाराम पौषवाल, सी एम सैनी, छाजूराम यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

चतुर्थ पुण्यतिथि

हमारी पूज्यनीय
स्व. श्री श्यामपाल जी सोनी
बैकुंठवास: दिनांक 06.12.2020
(पुत्र स्व. श्री राम प्रसाद जी जड़ियाँ) की पुण्यतिथि पर हम सभी भावपूर्ण श्रद्धाजंलि अपिर्तत करते हैं।
श्रद्धावनत- लीला देवी (धर्मपत्नी), नरेन्द्र-तारा, विनोद-हेमलता, योगेश-ललिता (पुत्र-पुत्रवधु), सीमा-घनश्याम जी (पुत्री-दामाद), लक्ष्मीनारायण, जगदीश प्रसाद, गोविन्द, लीलाधर, शिव कुमार, घनश्याम (भाई), रामेश्वरी, तारा, जसोदा (बहन), आदित्य-माधुरी, आशुतोष-दिशिका (पौत्र-पौत्रवधु), अर्पित, अभिषेक, नारायण, गुजन (पौत्र, पौत्री), भागवत (पड़पौत्र), गोविन्द, कृष्णा, यशस्वी (दोहिते, दोहिती) एवं समस्त मंडोरा परिवार।
प्रतिष्ठान- विजय लक्ष्मी सेल्स कॉर्पोरेशन, नारायण जैम्स एण्ड ज्वैलर्स (जयपुर)

सात दिवस में मालिकाना हक नहीं मिला तो गुर्जर समाज के साथ होगा उग्र आंदोलन

मालपुरा, (निस) बृजलाल नगर ग्राम पंचायत की सदरपुरा रोड स्थित महाराणा प्रताप कॉलोनी के पास अपनी खातेदारी तरमीमशुदा जमीन पर मालिकाना हक की मांग को लेकर बुधवार को राम जन्मभूमि के कारसेवक जगदीश गुर्जर अपने परिवारजनो व समाज की महिला-पुरूषो के साथ अनिश्चितकालीन धरने पर बैठा था जो कि गुरूवार को दुसरे दिन भी जारी रहा। दोपहर बाद एडीएम विनोद मीणा से पिडित परिवार की और से प्रतिनिधि मंडल की हुई वार्ता मे एडीएम द्वारा दिये सात दिन मे समस्या समाधान के आश्वासन पर पिडित जगदीश गुर्जर ने अपना धरना उठा लिया।

जगदीश ने बताया कि सदरपुरा रोड पर उसकी तरमीमशुदा खातेदारी 4 बीघा जमीन को प्रशासन ने गत माह 29 अक्टुम्बर को बिना किसी नोटिस अथवा सुचना के जेसीबी मशीन से खुर्द-बुर्द कर उसे बेदखल कर दिया। जमीन पर उगी फसल व चारे के ढेर को नष्ट कर दिया। पिडित परिवार ने मौके पर प्रशासन को अपनी जमीन के दस्तावेज दिखाने का भरकस प्रयास किया लेकिन प्रशासन ने उसकी एक नही सुनी। श्री राम जन्मभूमि का कारसेवक अपने परिवारजनो के साथ प्रशासन के सामने गिड-गिडाता रहा। लेकिन प्रशासन का पीला पंजा चलता रहा। अपनी खातेदारी जमीन पर मालिकाना हक की मांग को लेकर बीते दिनो पिडित जगदीश गुर्जर अपने परिवारजनो व गुर्जर समाज के महिला-पुरूषो के साथ केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी व जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंच जमीन के दस्तावेज दिखा न्याय की गुहार लगाई। लेकिन आज तक उसे न्याय नही मिला। बुधवार को पिडित परिवार ने एक बार फिर उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी से मिल न्याय की गुहार लगाई। लेकिन न्याय नही मिलने पर अपने परिवारजनो व समाज के महिला-पुरूषो के साथ एसडीएम आवास के सामने फुटपाथ पर अनिश्चिकालीन धरने पर बैठ गया। गुरूवार को एडीएम से वार्ता मे मिले आश्वासन के बाद धरना स्थल पर पहुंचे थानाधिकारी चेनाराम बेडा की समझाईश पर गुर्जर ने धरना समाप्त करते हुये कहा कि यदि सात दिवस मे उसे अपनी जमीन का मालिकाना हक नही मिला तो पुनः अपने परिवारजनो के साथ-साथ गुर्जर समाज एवं सर्व समाज के लोगो के साथ आंदोलन कर दोबारा धरने पर बैठ करेगें प्रदर्शन।

एसडीएम आवास के सामने फुटपाथ पर धरने पर बैठे राम जन्मभूमि कारसेवक व गुर्जर समाज के महिला-पुरूषों ने एडीएम के आश्वासन पर धरना उठाया।

बाल वाहिनियों के सुरक्षा पेरामीटर की जांच के निर्देश

अलवर। जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में जिला निष्पादन समिति कि बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला कलेक्टर ने जिले की रैंकिंग के सभी बिन्दुओं की समीक्षा कर निर्देश दिये कि जिले की रैंकिंग में समन्वित प्रयास कर सुधार करें। उन्होंने एक माह में 32 कम्प्यूटर लैब पूर्णत क्रियाशील कराने व नरेगा से 176 स्कूलों में चारदिवारी कराने के प्रस्ताव तैयार करने एवं आगामी 15 दिवस में सभी बाल वाहिनियों के सुरक्षा पेरामीटर की जांच कराने के सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रभावी मॉनिटरिंग कर जिले के शिक्षा के स्तर को अठाणी जिलों की श्रेणी में लाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा में आधुनिक तकनीक का उपयोग करने के साथ विद्यालय में भौतिक संसाधनों व सहशिक्षण सामठी की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करावे। उन्होंने जिले की आईटीसी लैब की समीक्षा कर निर्देश दिये कि 197 विद्यालयों में संचालित कम्प्यूटर लैब में से प्रथम चरण में 32 आईटीसी लेब को एक माह में पूर्णत: क्रियाशील करावे। तथा सभी विद्यालयों से इन लैब्स की वर्तमान स्थिति का नोट भिजवाने।

प्रत्येक ब्लॉक में 5-5 खेल मैदान मय रनिंग ट्रेक बनवाने प्रस्ताव तैयार कर एक माह में स्वीकृत करावाने उन्होंने सीडीईओ को निर्देश दिये कि जिला परिषद से समन्वय कर नरेगा योजना के माध्यम से जिले के चारदिवारी विहीन 176 स्कूलों में चार दीवारी बनाने के प्रस्ताव तैयार करावे तथा इसी प्रकार सरकारी विद्यालयों में खेल मैदान विकसित करने के प्रस्ताव तैयार करावे। जिसमें प्रथम चरण में प्रत्येक ब्लॉक में 5-5 खेल मैदान मय रनिंग ट्रेक की स्वीकृति 1माह में जारी कराकर कार्य प्रारम्भ करें।

आम सूचना
सर्व साधारण को यह सूचित किया जाता है कि भागीदारी फर्म रॉयल क्रिएशन्स, फर्म रजिस्ट्रेशन नं: RF/JPU/2021/3166 पता SP-1013-B सीतापुरा इंडस्ट्रियल एरिया, जयपुर राज-302022 जिसमें श्री हितेश गोयल, श्री दौलत राम, श्री उमेश गर्ग एवं श्री मनीष गर्ग भागीदार थे। उक्त फर्म से मौजूदा भागीदार श्री मनीष गर्ग दिनांक 21/11/2024 को रिटायर हो गये हैं। दिनांक 21/11/2024 से उक्त फर्म के मालिक श्री हितेश गोयल, श्री दौलत राम एवं उमेश गर्ग होंगे। इस संदर्भ में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति 7 दिवस के भीतर जिला उद्योग केंद्र जयपुर (राज) एवं श्री मनीष गर्ग निवासी फ्लैट न B1202, 12th Floor, B ब्लॉक, आशादीप वेदान्ता, गांव-मुरलीपुर, सांगानेर जयपुर-302033 राज को लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकता है।
एडवोकेट भानू मिश्रा
मो. 9929113203

जन्मतिथि संशोधन
मैं विजय सिंह मीना आयु 44 साल पुत्र श्री पृथ्वी लाल मीना जाति मीना निवासी नंगला मीना तहसील श्रीमहावीर जी जिला करौली (राज.) यह कि मेरी पुत्री के विद्यालय रिकार्ड में गलती से जन्मातिथि 03.04.2012 दर्ज करवा दिया था जो कि गलत है, जबकि मेरे पुत्री की सही जन्मतिथि 23.09.2009 है जो सही व सत्य है। मेरी पुत्री के आधार कार्ड में भी सही जन्मतिथि 23.09.2009 दर्ज है।

जयधोष के साथ चढाया श्रीफल

निवाई । जैन समाज के श्रद्धालुओं ने गुरुवार को निवाई से श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र बाडा पदमपुरा में विराजमान मुनि प्रणम्य सागर महाराज को श्रीफल चढाकर शीतकालीन प्रवास के लिए अनुनय विनय करके निवेदन किया। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला ने बताया कि मुनि प्रणम्य सागर महाराज मीरा मार्ग जयपुर से चातुर्मास करते हुए पदमपुरा पहुंचे। पदमपुरा कार्यक्रम में निवाई से पहुंचे जैन समाज के मंत्री महावीरप्रसाद पराणा, दिगम्बर जैन अठावाल समाज अध्यक्ष विष्णु बोहरा, सुशील आरामशीन, नितिन चंवरिया, नेमीचंद सिरस, संजय जैन, नवरत्न जैन व मुकेश जैन सहित कई श्रद्धालुओं का जत्था निवाई में शीतकालीन प्रवास हेतु गाजे बाजे के साथ श्रीफल चढाकर निवेदन किया।

शिविर में 250 यूनिट ब्लड एकत्रित

बौंली-बामनवास । क्षेत्र में सामाजिक कार्यों में भाग लेने वाली अग्रणी संस्था अरुणोदय जन कल्याण सेवा संस्थान द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के निर्वाण दिवस पर गुरुवार को बौंली चिकित्सालय में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर में करीब 200- 300 युवाओं ने 250 यूनिट ब्लड एकत्रित कर जनकल्याण के लिए दान किया।

रक्तदान शिविर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी चंद्र प्रकाश वर्मा थे, कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष कमलेश देवी जोशी ने की कार्यक्रम में तहसीलदार रामचंद्र मीणा सहित अनेको सामाजिक कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के संयोजक रामावतार मीना ने बताया कि राजस्थान के कई जिलों से युवाओं ने रक्तदान शिविर में भाग लेकर रक्तदान किया रक्तदाताओं का 6 दिसंबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सम्मान किया जाएगा। रक्तदान शिविर के दौरान गोविंद नारायण भदोरिया सहित अनेको कार्यकर्ता एवं अधिकारी उपस्थित थे। यह जानकारी भाजपा के वरिष्ठ नेता भगवान सिंह नरूका ने दी।

बौंली में अरुणोदय संस्थान की ओर से रक्तदान शिविर आयोजित हुआ।

श्मशान के रास्ते के अतिक्रमण पर चला पीला पंजा

- लंबे समय से ग्रामीण कर रहे थे अतिक्रमण हटवाने की मांग

मानपुरा माचेडी । ग्राम पंचायत बिलोंची के रेगर मोहल्ले से गोमती नदी स्थित सर्व समाज के श्मशान घाट के रास्ते में आ रहे अतिक्रमण को ग्राम बिलोंची सरपंच मामराज गुर्जर गिरदावर राजबल मीना पटवारी राहुल मीना नरेगा सहायक हेमपाल गुर्जर ने मौके पर जेसीबी की सहायता से अवैध अतिक्रमण को हटवाया।

जेसीबी की सहायता रास्ते को 21 फिट चौडा किया। सरपंच मामराज गुर्जर ने बताया की आम रास्ते में ग्रामीणों द्वारा अवैध अतिक्रमण कर रखा था आम रास्ते में आ रही फ़सल को हटवा कर आम रास्ते को 21फिट चौड़ा किया गया। अब गुरुवार से इस रास्ते पर ठोवल सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो सकेगा। ठामीणों को पिछले कई वर्षों से समस्या बनी हुई थी ठामीणों को शवयात्रा को लेकर जाने में होने वाली दिक्कत का अब सामना नहीं करना पडेगा।गौरतलब हैं कि जिला कलेक्टर के रास्ता खोलो अभियान के तहत प्रशासन को भी ग्रामीणों ने जन सुनवाई कार्यक्रम में ज्ञापन देकर अवगत करवाया था।इस बारे में सरपंच मामराज गुर्जर ने बताया कि ठामीणों को शव यात्रा लेकर जाने में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता था।ग्रामीण लम्बे समय से अतिक्रमण हटवाने की मांग कर रहे थे।

खोया- पाया
मेरी पुत्री नेहा भार्गव व पुत्र मोहित भार्गव ने दिनांक 25.08.2007 को फ्लैट नं. A-101 आकाश गंगा अपार्टमेंट बाइस गोदाम जयपुर का मुख्तयारआम (पावर ऑफ अटार्नी) रेखा भार्गव व उमेश भार्गव के पक्ष में की गई थी जो कि दिनांक 20.11.24 नंदपुरी से सोडाला के बीच फोटो कॉपी करवाते समय कही गुम हो गए है । FIR दर्ज करा दी गई है (LR no 248208/2024) मिलने पर सूचित करे 9783307190

नाम/जन्मतिथि संशोधन
मैं विजय सिंह मीना आयु 44 साल पुत्र श्री पृथ्वी लाल मीना जाति मीना निवासी नंगला मीना तह. श्रीमहावीर जी जिला करौली (राज.) यह कि मेरे पुत्र नीमरोठ के विद्यालय रिकार्ड में गलती से जन्मतिथि 04.03.2011 दर्ज करवा दिया था जो कि गलत है, जबकि मेरे पुत्र की सही जन्मतिथि 11.07.2011 है जो सही व सत्य है। इसी प्रकार विद्यालय प्रवेश के समय मेरेपुत्र का नाम गलती से दीवेश मीना (DIVVESH MEENA) दर्ज करवा दिया था जो कि गलत है, जबकि मेरे पुत्र का सही नाम दीवेश नीमरोठ (DEEVESH NEEMROTH) है जो सही व सत्य है।

मतदाता जागरूक अभियान आयोजित

गोविंदगढ /अलवर गोविंदगढ कस्बे के राजकीय महाविद्यालय गोविंदगढ में दिनांक 6 दिसंबर को मतदाता सूची में नाम जुडवाने के लिए एक क्लस्टर कैंप का आयोजन किया जा रहा है प्राचार्य प्रोफेसर लक्ष्मीकांत शर्मा और चुनाव साक्षरता क्लब की प्रभारी राखी जैन ने बताया कि जिन्होंने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है या जो 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर लेंगे उन सभी पात्र व्यक्तियों के नाम वोटर लिस्ट में जोड़े जाने हैं इस हेतु आधार कार्ड ,2 फोटो तथा अपने से संबंधित व्यक्ति के वोटर आईडी का नंबर लेकर प्रात 11:15 बजे महाविद्यालय में उपस्थित उपस्थित हो ।

गोविंदगढ़ में मतदाता जागरुकता शिविर का आयोजन होगा।

भगवान श्रीराम की बारात निकली

श्रीमाधोपुर। कस्बे के श्री रघुनाथ मंदिर में भगवान श्रीराम-जानकी विवाह महोत्सव को लेकर शाहीलाजमें के साथ बारात निकली । श्री रघुनाथ मंदिर के महंत बुद्धिप्रकाश शर्मा ने बताया कि गुरूवार जीवंत झांकियों के साथ शोभायात्रा व बारात का नगर भ्रमण करवाया गया ।

शाहीलाजमे व बग्गियों के साथ भगवान की बारात निकली जिनकी जगह-जगह पुष्पवर्षा कर कस्बेवासियों बारात का स्वागत किया। जगह-जगह स्टाल लगाकर कुल्फी खिलाकर व दूध पिलाकर बारातियों की मानमवार की।इसी दौरान ड्रोन से जगह-जगह पुष्पवर्षा की वहीं जीवंत झांकिया आकर्षण का केंद्र रही। मंदिर महंत ने बताया कि इससे पहले सुबह 8.15 बजे बान सुबह 11 बजे महिला मित्र मंडली द्वारा मंगल गीत-संगीत हुआ, जिसमें महिलाओं ने भजनों आनंद उठाया। महंत शर्मा ने बताया कि 6 दिसंबर शाम 4 बजे से भंडारा प्रसाद का आयोजन किया जाएगा । हजारों श्रद्धालुओं की भोजन प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। रात 8 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।इस महोत्सव के दौरान ध्रुवदास महाराज, बिहारीलाल पारीक, महावीर ठठेरा, सागरमल सैनी, परशुराम भातरा, कृष्णमुरारी चेजारा, कैलाश सारस्वत, बाबूलाल कटारिया, पहलाद शर्मा ,श्यामलाल शर्मा ,अनिल अठावाल, पवन कुमार शर्मा, सोनू गोठवाल, हरीश जीनगर, मुकुल सारस्वत, मुकेश कुमार शर्मा, सतीश खुटेटा, राकेश नाणका जोशी, नवीन शर्मा, अजय मिश्रा, रवि प्रजापत सहित सैकडों संख्या में भक्ति मौजूद थे।

खोया पाया
भूखण्ड संख्या 127 निजी खातेदारी योजना रघुनंदन एनक्लेव सी-1, जेडीए द्वारा जारी संशोधित साइड प्लान लीज डीड पत्र एवं मूल आवंटी से उनके वारिसों के नाम स्थानान्तरण पत्र कहीं गुम हो गए है मिलने पर सूचित करें। विमल कुमार-9929690788

आवास संख्या 21/103 मानसरोवर जयपुर का मूल कब्जा पत्र क्रमांक 292 दिनांक 03.05.2008 गिर/गुम हो गया मिलने पर सूचित करें। सुनीता खरिटा मो. 9610970586

मेरे भूखण्ड सं- II/A/13 जे.डी.ए की योजना झालाना डूंगरी क.ब. पुनस्थापन योजना चरण द्रितीय का जे.डी.ए. जारी मूल आवंटन-पत्र, साईट प्लान और इकरारनामा कही गुम हो गये है मिलने पर सूचित करे- पुष्पा देवी मो.- 9887016674

तिजारा के रूघ में सरिस्का से विस्थापित हुए परिवारों की पीड़ा सुनकर भावुक हुए कलेक्टर

- अधिकारियों से पूछा विलंब का कारण, समाधान के दिए निर्देश

खैरथल। जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने गुरुवार को तिजारा उपखंड के रुंध गांव में सरिस्का से विस्थापित हुए ठामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। इसके साथ ही उन्होंने 9 दिसंबर को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के उद्घाटन का जिला स्तर पर लाइव टेलीकास्ट की तैयारियों का निरीक्षण किया।

तिजारा उपखंड क्षेत्र के रुंध में सरिस्का से विस्थापित होकर लंबे समय से रह रहे परिवारों से मिलने पहुंचे जिला कलेक्टर किशोर कुमार को बताया 198 ठामीण लंबे समय से राजस्व, बिजली और अन्य बुनियादी सुविधाओं की समस्याओं का सामना कर रहे हैं। ठामीण ओमकार सिंह ने बताया विस्थापन के बाद से खातेदारी अधिकार नहीं मिलने से कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर जिला कलेक्टर ने ठामीणों को कहा कि शीघ्र समाधान कराया जाएगा। रतिराम ने कहा लंबे समय से रह रहे हैं बिजली कनेक्शन नहीं हुए है। रतिराम की बिजली की शिकायत पर कलेक्टर ने मौके पर ही विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता को निर्देश देकर जल्द से जल्द बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने का आदेश दिए। जिला कलेक्टर ने ठामीणों को आश्वासन दिया और कहा जल्दी ही सभी समस्याओं का निदान कराया जाएगा। इस दौरान डीएफओ जगदीश दहिया, तहसीलदार कृष्ण कुमार, पटवारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इसके उपरांत जिला कलेक्टर ने राज्य स्तरीय राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के जिला स्तर पर लाइव टेलीकास्ट की तैयारियों हेतु एमएसएमई सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया यह लाइव प्रसारण 9 दिसंबर को एमएसएमई सेंटर पर किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को आयोजन स्थल पर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया।

जिला कलेक्टर ने बताया इस कार्यक्रम में जिले के उन उद्यिमयों को जिन्होंने निवेश के लिए समझौता ज्ञापन में किया है, तथा औद्योगिक संघों, जनप्रतिनिधियों और प्रबुद्ध नागरिकों को आमंत्रित किया जाएगा।

मशीनों के संचालन की ली जानकारी

पीपलू । महात्मा गांधी राजकीय अंठोजी माध्यम विद्यालय के मानक क्लब के 25 विद्यार्थियों ने भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा आयोजित एक्सपोजर विजिट के तहत जयपुर स्थित सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी सिपेट का भ्रमण किया। प्रधानाचार्य मधु सक्सेना ने बताया कि विद्यालय में मानक क्लब है जिसमें प्रभारी के पद पर विज्ञान शिक्षक रतनलाल कुलदीप है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा चलाए जा रहे गुणवत्ता पूर्ण उत्पादों की जागरूकता कार्यक्रम के तहत अलग अलग गतिविधियों के माध्यम से जानकारी दी जा रही हैं। जिसमें तहत यह एक्सपोजर विजिट करवाई गई।

दल की बस को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विष्णु शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सीपेट में सेमिनार के माध्यम से प्रिंसिपल डायरेक्टर संजय चौधरी ने विद्यार्थियों को कुशलता अर्जित कर इंडस्ट्री के माध्यम से करियर बनाने की सलाह दी। सीपेट में विद्यार्थियों ने प्लास्टिक उत्पादों के निर्माण और उनकी मशीनों के संचालन की जानकारी ली और उत्पादों को बनते हुए समझा और साथ ही लेबोरेट्री में गुणवत्ता टेस्टिंग की जानकारी ली।

अपील की सुनवाई के लिए नियत दिन की प्रत्यर्थी को सूचना
(आदेश 41 के नियम 14)
न्यायालय राजस्व अपील प्राधिकारी
सवाई माधोपुर कैम्प गंगापुर सिटी
अपील 223 आरटी एक्ट
कप्तान सिंह बनाम गोपाल वगै०
प्रकरण सं. 90/2021
अधिनस्थ एसडीओ गंगापुर सिटी के न्यायालय की तारीख16/04/2015 व 20/05/2017 को निर्णय व डिक्री की अपील - 1. रमेश चन्द पुत्र श्योलाल माली निवासी मिर्जापुर 2. राजेश पुत्र श्योलाल माली निवासी मिर्जापुर हाल रामरतन जी की पाल, जालोरी गेट, जौधपुर 4. श्रीमती केशर पुत्री श्यौलाल पत्नि ओमप्रकाश माली निवासी-मिर्जापुर हाल सोफिया स्कूल के पीछे, भोपी का बाडा, अजमेर। 5. कमला पुत्री श्यौलाल पत्नि लक्ष्मीचन्द माली निवासी मिर्जापुर हाल हनुमान जी के मंदिर के आगे, कबूतरों का चौक, जोधपुर 6. रानी पुत्री श्यौलाल पत्नि श्यामलाल माली निवासी मिर्जापुर हालधान मण्डी के पीछे इन्दालिया की डूंगरी चित्तोडगढ़ रोड़, बूंदी। 7. पुष्पा पुत्री श्यौलाल माली माली निवासी मिर्जापुर हाल मनिहारी हाऊस कबूतरों का चौक, जोधपुर। आपको सूचना दी जाति है कि इस मामले में 16/04/2015, 20/05/2017 की डिक्री की अपील अपीलार्थी द्वारा उपस्थित की गई हैं और इस न्यायालय में रजिस्टर कर ली गई है और इस अपील की सुनवाई के लिए इस न्यायालय द्वारा तारीख 11 दिसम्बर 2024 नियत की गई है। यदि इस अपील में आपकी ओर से स्वयं या आपके प्लीडर या आपके लिए कार्य करने के लिए विधिना प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपसंजात नहीं होगा तो यह आपकी अनुस्थिति में सुनी और विनिश्चित की जावेगी। यह आज तारीख पेशी 19 नवम्बर 2024 को मेरे हस्ताक्षर सेऔर न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई है।
दिनांक
आज्ञा से-
राजस्व अपील अधिकारी, सवाई माधोपुर

सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

सांभर लेक । मै कहता हूं वह करता हूं यह बात विधायक विक्रम बंशीवाल ने गुरुवार को नेशनल हाईवे-21 पीलोडी से आसतवाडा मिसिंग लिंक सड़क का लोकार्पण कार्यक्रम में लोगो को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के कोई भी नागरिक छोटे से लेकर बड़े काम तक सीधे मेरे से आकर मिले किसी दुसरे को साथ में लेकर आने की जरूरत नहीं है। आमजन के लिए चौबीस घंटे मेरे दरवाजे हमेशा खुले रहते हैं। हमेशा मै आमजन की सेवा करने के लिए तत्पर रहता हूं। इससे पहले विधायक ने सिकंदरा चौराहे से गीजगढ़ वाया गेरोटा के लिए 15 करोड़ रुपयों की लागत से निर्माण होने वाले सड़क के निर्माण कार्य का शिलान्यास पट्टीका का अनावण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक विक्रम बंशीवाल ने कहा कि क्षेत्र के विकास कार्यों में धन की कोई कमी नहीं आयेगी।

व्यायाम और प्राणायाम की जानकारी देकर बच्चों को किया लाभान्वित

पावटा। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय ढाणी लालू सिंह भौनावास में गुरुवार को योग गुरु पूरणमल यादव द्वारा विद्यार्थियों की परीक्षा संबंधी एकाग्रता बनाए रखने और शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने के क्रम में प्रार्थना सभा में योग सत्र के दौरान व्यायाम और प्राणायाम की जानकारी देकर बच्चों को लाभान्वित किया।

योग सत्र में विद्यालय का समस्त स्टाफ प्रधानाध्यापक सीताराम कुहार, अध्यापक घनश्याम बिहारी शर्मा, रामकुमार मीणा, जयप्रकाश शर्मा, छोटीलाल बुनकर तथा गांव से पधारे हुए अभिभावकगण मदनलाल सैनी, कबुली देवी, उर्मिला देवी, मोनिका कंवर एवं राजबाला देवी ने योग और प्राणायाम का लाभ उठाया। सत्र के समापन पर संस्था प्रधान द्वारा योग गुरु पूरणमल यादव को सर्वहित अच्छा कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर समानित किया और साथ ही गांव से पधारे हुए अभिभावकगणों का हार्दिक आभार जताया।


पावटा में छात्रों को योग की जानकारी दीं

बिजली करंट से युवक की मौत

निवाई । गांव भांवती में खेत पर काम करने गए एक युवक की ट्रांसफार्मर के करंट लग जाने से मौत हो गई। भांवती निवासी सौभागमाल जाट ने पुलिस थाने में दी। रिपोर्ट में बताया कि उसके भाई का पुत्र राजेंद्र उम्र 21 वर्ष मंगलवार की सुबह खेत पर काम करने गया था। इसी दौरान खेत पर लगे हुए ट्रांसफार्मर में आ रहे करंट की चपेट से वह घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे निवाई निजी हॉस्पिटल में उपचार के लिए भर्ती करवाया। जहां से गंभीर अवस्था में उसे जयपुर रैफर कर दिया गया।

कार्यालय ग्राम पंचायत अजनोटी पंचायत समिति स.मा., जिला सवाई माधोपुर
क्रमांक-56 दिनांक-27.11.2024
निविदा सूचना
पंचायत समिति सवाई माधोपुर के अधीन ग्राम पंचायत अजनोटी में विभिन्न योजना में स्वीकृत कार्यो हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित नियम, शर्ते व सम्बन्धी दस्तावेज लोक उपापन की वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखे एवं डाउनलोड किये जा सकते है।
सुरेश कुमार सैनी — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सवाई माधोपुर
सरपंच — ग्राम पंचायत सवाई माधोपुर